# Class - VIII
# Subject - HINDI GRAMMAR
## पाठ – 2 वर्ण विचार

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर याद कर लिखें।

क. वर्ण किसे कहते हैं?

उत्तर वर्ण उस मूल ध्वनि को कहते हैं जिसके खण्ड या टुकड़े नहीं किए जा सकते हैं।

ख. वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर वर्ण दो प्रकार के होते हैं – स्वर वर्ण और व्यंजन वर्ण

ग. स्वर वर्ण की परिभाषा लिखें।

उत्तर जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता से की जाए, उन्हें स्वर वर्ण कहते हैं। हिन्दी में 11 स्वर होते हैं। जैसे – अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ।

घ. व्यंजन वर्ण की परिभाषा लिखें।

उत्तर जिन वर्णों का उच्चारण स्वर वर्ण की सहायता से की जाए, उन्हें व्यंजन वर्ण कहते हैं। हिन्दी में 33 व्यंजन होते हैं। जैसे – क, ख, ग,घ, ङ, च ........... आदि।

ङ अल्पप्राण एवं महाप्राण की परिभाषा लिखें।

उत्तर अल्पप्राण – जिन व्यंजन वर्णों का उच्चारण करते समय मुख से प्राणवायु की कम मात्रा बाहर आती है, उन्हें अल्पप्राण व्यंजन कहते हैं।

महाप्राण – जिन व्यंजन वर्णों का उच्चारण करते समय मुख से प्राणवायु की अधिक मात्रा बाहर आती है, उन्हें महाप्राण व्यंजन कहते हैं।

च. द्‌वित्व व्यंजन किसे कहते हैं?

उत्तर जब दो समान व्यंजनों की ध्वनियाँ आपस में मिलती हैं, तब उन्हें द्‌वित्व व्यंजन कहते हैं।

जैसे – क् + क = पक्का, मक्का

च् + च = बच्चा, सच्चा